Date 17/1/2024
दैनिक जागरण (जागरण सिटी)

# नैक ग्रेडिंग को लेकर महाविद्यालयों के प्राचार्यों और कार्डिनेटर के लिए कार्यशाला

जागरण संवाददाता, जींद : राजकीय महिला कालेज में राजकीय कालेज, आइक्यूसी संयोजक और नैक कार्डिनेटर की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महिला कालेज प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने की। इसमें जयनारायण गहलावत ने बताया कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यान परिषद का अहम योगदान है।

इसी मापदंड के अनुसार महाविद्यालयों को नैक ग्रेड दिया जाता है। कार्यशाला में भौतिक शास्त्र के सहायक प्रोफेसर डा. मनोज कुमार ने नैक ग्रेडिंग बढ़ाने को लेकर कई पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में शिक्षक एवं विद्यार्थियों की रचनात्मक भागीदारी पर किस प्रकार जोर दिया जाना चाहिए। वर्तमान में बदलते परिवेश में और



कार्यशाला में भाग लेते विभिन्न कालेज के प्रतिनिधि। • सौ. कालेज

नई शिक्षा नीति-2020 के प्रारूप एवं हरियाणा सरकार की वांछित नीति अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता, रोजगार परक एवं मानवीय मूल्य आधारित विषयों को समायोजित किया जाना चाहिए। भविष्य में विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार लेकर अपने अंदर मानवीय गुणों को आत्मसात कर सकें। इस कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय जींद के प्राचार्य सत्यवान मलिक, राजकीय महाविद्यालय अलेवा की प्राचार्या वीना कुमारी बहल, राजकीय महाविद्यालय सफीदों एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा की प्राचार्या तनाशा हुड्डा, राजकीय महाविद्यालय छात्तर की प्राचार्या डा. रचना शर्मा एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय सफीदों के प्राचार्य डा. शमशेर मोर के अतिरिक्त सभी महाविद्यालयों के नैक और आइक्यूएसी संयोजक उपस्थित हुए। कार्यशाला में महाविद्यालय की प्रेस प्रवक्ता डा. सुमिता आसरी, नरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, अल्पना शर्मा भी मौजूद रही।

# शिक्षक एवं विद्यार्थियों की रचनात्मक भागीदारी पर कार्यशाला आयोजित

दैनिक जागरण (जागरण सिटी)
Date 17/1/2024

जा, जींद : राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य, आइक्यूएसी संयोजक एवं नेक कार्डिनेटर की कार्यशाला मंगलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने की। कार्यशाला के महत्व के बारे में उन्होंने बताया की वर्तमान समय में राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यान परिषद का अहम योगदान है और इसी के मापदंड अनुसार महाविद्यालय को नेक ग्रेड प्रदान किया जाता है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डा. मनोज कुमार रहे एवं उन्होंने अपने उद्बोधन में नेक ग्रडिंग को बढ़ाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षा की गुणवत्ता में शिक्षक एवं विद्यार्थियों की रचनात्मक भागीदारी पर किस प्रकार जोर दिया जाना चाहिए।

अमर उजाला (जीन्द शहर)
17/1/2024

# वर्तमान में राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यान परिषद का अहम योगदान

संवाद न्यूज एजेंसी



प्राचार्य, आईक्यूएसी संयोजक एवं नेक कॉर्डिनेटर की कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ता। स्रोत : स्वयं

जींद। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य, आईक्यूएसी संयोजक एवं नेक कोऑर्डिनेटर की कार्यशाला मंगलवार को राजकीय महिला कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने की।

उन्होंने बताया की वर्तमान समय में राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यान परिषद का अहम योगदान है। इसी के मापदंड के अनुसार महाविद्यालय को नेक ग्रेड प्रदान की जाती है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर भौतिक शास्त्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में शिक्षक एवं छात्रों की रचनात्मक भागीदारी पर किस प्रकार जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया की वर्तमान में बदलते परिवेश में और नई शिक्षा नीति-2020 के प्रारूप एवं प्रदेश सरकार की वांछित नीति अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता, रोजगारपरक एवं मानवीय मूल्यधारित विषयों को समायोजित किया जाए, ताकि भविष्य में छात्र शिक्षा के साथ-साथ संस्कार लेकर अपने अंदर मानवीय गुणों को आत्मसात करें।

कार्यशाला में राजकीय कॉलेज जींद के प्राचार्य सत्यवान मलिक, राजकीय महाविद्यालय अलेवा की प्राचार्या वीना कुमारी बहल, राजकीय महाविद्यालय सफीदों एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या तनाषा हुड्डा, राजकीय महाविद्यालय छातर की प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा एवं राजकीय कन्या कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शमशेर मोर के साथ सभी महाविद्यालयों के नैक, आईक्यूएसी संयोजक उपस्थित हुए।

कार्यशाला में शामिल सभी शिक्षाविदों ने यह सुझाव दिया कि इस तरह के आयोजन शिक्षा के बदलते स्वरूप के अनुसार एक अंतराल के बाद आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यशाला में कॉलेज के पीआरओ डॉ. सुमिता आशरी, सह प्रोफेसर नरेंद्र कुमार, सह प्रोफेसर जितेंद्र कुमार एवं सहायक प्रोफेसर अल्पना शर्मा मौजूद थीं।

दैनिक भास्कर (जीन्द भास्कर)
17/1/2024

# वर्तमान समय में राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यापन परिषद का अहम योगदान : जयनारायण गहलावत



जींद | राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य, आईक्यूएसी संयोजक एवं नेक कोऑर्डिनेटर की कार्यशाला राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित की गई। प्राचार्य जय नारायण गहलावत ने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यापन परिषद का अहम योगदान है। इसी के मापदंड अनुसार महाविद्यालयों को नेक ग्रेड प्रदान किया जाता है। मुख्य वक्ता डॉ. मनोज कुमार ने नेक ग्रेडिंग को बढ़ाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में शिक्षक एवं विद्यार्थियों की रचनात्मक भागीदारी पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के प्रारूप एवं हरियाणा सरकार की वांछित नीति अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता, रोजगार परक एवं मानवीय मूल्य आधारित विषयों को समायोजित किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार लेकर अपने अंदर मानवीय गुणों को आत्मसात कर सकें। इस कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यवान मलिक, राजकीय महाविद्यालय अलेवा की प्राचार्य वीना बहल, राजकीय महाविद्यालय सफीदों एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा की प्राचार्य डॉ. तनाशा हुड्डा, राजकीय महाविद्यालय छात्तर की प्राचार्य डॉ. रचना शर्मा एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय सफीदों के प्राचार्य डॉ. शमशेर मोर, डॉ. सुमिता आशरी, नरेंद्र, जितेंद्र व अल्पना शर्मा भी मौजूद रहे।